राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 Certified
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Institution Under Deptt. of School Education and Literacy, M.H.R.D., Govt. of India)

फा.7-2021/एनआईओएस/मूल्यां./अंक एवं स्था. दिनांक : 30.06.2021

अधिसूचना - 27/2021

मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) परीक्षा जून-जुलाई, 2021 में आयोजित करने के संबंध में जारी पूर्व अधिसूचना 26/2021 दिनांक 03.03.2021 के क्रम में, अब यह परीक्षा देश में कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और शिक्षार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रद्द की जाती है।

उपर्युक्त अवधि के लिए मुक्त बेसिक शिक्षा (ओबीई) परीक्षा हेतु पहले से पंजीकृत शिक्षार्थियों के परिणाम का आकलन निम्नलिखित मानदंडों पर किया जाएगा :

1. ऐसी प्रत्यायित एजेंसियां (एए) जो फरवरी/मार्च, 2021 में अंतिम ओबीई परीक्षा आयोजित कर चुकी हैं और एनआईओएस पोर्टल पर अंक अपलोड कर चुकी हैं, उनके परिणाम ओबीई के दिशानिर्देशानुसार तैयार किए जाएंगे।
2. ऐसी प्रत्यायित एजेंसियां (एए) जो अंतिम परीक्षा आयोजित कर चुकी हैं, लेकिन अंक अपलोड नहीं कर सकी हैं, वे अब 1 जुलाई से 31 जुलाई, 2021 तक एनआईओएस पोर्टल पर अंक अपलोड कर सकती हैं।
3. ऐसी प्रत्यायित एजेंसियां (एए) जिन्होंने अंतिम ओबीई परीक्षा आयोजित नहीं की है, वे 1 से 31 जुलाई, 2021 तक एनआईओएस पोर्टल पर आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपलोड कर सकती हैं। ऐसे शिक्षार्थियों के परिणाम का आकलन आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा।

(एस.के. प्रसाद)
निदेशक प्रभारी (मूल्यांकन)

वितरण:

1. सभी विभागाध्यक्ष
2. क्षेत्रीय निदेशकों को ओबीई एजेंसियों के साथ साझा करने और उनके क्षेत्रीय केंद्रों की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
3. अध्यक्ष महोदया के सूचनार्थ उप निदेशक (सीपीओ)
4. सिस्टम विश्लेषक/प्रोग्रामर को एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड करने और प्रत्यायित एजेंसियों द्वारा ओबीई परिणाम अपलोड करने तथा क्षेत्रीय निदेशकों द्वारा सत्यापन करने के लिए पोर्टल खोलने के अनुरोध के साथ
5. उप निदेशक (मूल्यांकन) - I एवं II
6. गार्ड फाइल

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा-201309 (उ.प्र.) • दूरभाष : 0120-4089800 • फैक्स : 0120-2403172
A-24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA-201309 (U.P.) • Phone : 0120-4089800 • Fax : 0120-2403172 • Website: www.nios.ac.in